## एक नजर में

### शुद्ध पानी का वितरण सभी वार्डो में किया जा रहा है : महापौर



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जल की पूर्ति के लिए महापौर माधुरी पटेल की पटेल की सक्रियता और सजकता के कारण ही सरल एवं सुगम हो रही हैं सभी वार्डों में बिछाई गई पाइप लाइन की लिकेज सधारने वाल चेंज करने तथा जल आपूर्ति में आने वाली कठिनाइयों का निराकरण करने के निर्देश महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

नगर पालिका निगम 24 घंटे अलर्ट मोड पर है शहर के नागरिकों की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है निगम ने टोल फ्री नंबर भी जारी किया है 9630028148, 07325-255019 इस पर आप अपनी शिकायतों का निराकरण करवा सकते हैं। आज भी नगर निगम द्वारा शहर में दुर्गा मैदान, तिलक वार्ड ,अंबेडकर वार्ड ,हरिरपुरा ,जाकिर हुसैन वार्ड ,सिंधीपुरा वार्ड ,सरदार पटेल वार्ड लालबाग क्षेत्र बेरी मैदान आदि स्थानों पर निगम की जल विभाग की टीम द्वारा पाइप लाइन वॉल्व रिपेयरिंग लीकेज दुरुस्तीकरण सुधार कार्य किया गया। निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने बताया कि ताप्ती जल संवर्धन योजना और सीवरेज पाइप लाइन बिछाने का कार्य शहर में तेजी से चल रहा है जहां दोनों पाइप लाइन बिछाने में दूरियां कम हो वहां दो पाइपलाइन में दूरियां बढ़ाई जा रही है इस कार्य में लगे ठेकेदार को निर्देश दिए कि ऐसे कार्य में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा आपके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

हमारे नगर निगम की टीम तथा स्व सहायता समूह की एस एच जी की महिलाओं द्वारा घर घर जाकर पानी की वॉटर टेस्टिंग की जा रही है हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता यह है कि शहर के प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ जल मिले इस अवसर पर सहायक यंत्री अशोक पाटिल उपयंत्री सुनील चौहान सौरव वर्मा संतोष सुखदाने नितिन तिवारी नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### बुरहानपुर को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का दिया संकल्प



**इच्छापुर ।** जिले के ग्राम इच्छापुर के अनुसूचित जाती कन्या छात्रावास में बाल विवाह के विरुद्ध सौ दिवसीय जागरुकता अभियान के अन्तर्गत जिला कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशन में जिला बाल कल्याण समिती बुरहानपुर व महिला बाल विकास विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत ज्युनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास इच्छापुर मे कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्रीमती विजया सिंह चौहान द्वारा बच्चों को बाल विवाह जैसे कुप्रथा के बारे में अवगत कराया गया। बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणाम बाल विवाह विरुद्ध कानूनी प्रावधान एवं दंड की जानकारी दी । सदस्य सीमा पाटील ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 व महिला बाल विकास विभाग जिला बुरहानपुर द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की जानकारी दीए व समिति सदस्य मेधा भिड़े। द्वारा पॉक्सो एक्ट ,मानसिक स्वास्थ्य, गुड टच बैड टच एवं बाल हितों की जानकारी दी गई। अंत में सदस्य मोहन पवार द्वारा बच्चों को इसके विरोध के लिए मजबूती से आगे आने एवं बुरहानपुर को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु सभी को जागरूक करने का संकल्प दिलाया। अंत में सभी को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई । आभार छात्रावास अधीक्षक अर्चना वगारे ने द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समिती सदस्य श्री संदीप शर्मा सहित छात्रावास की सभी छात्राए बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

### संकल्प हमारा अभियान : वार्ड 11 से लेकर वार्ड 20 में सर्वे , डोर टू डोर 50 आवेदन प्राप्त



**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में शासन की योजनाएं और सेवाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से संकल्प समाधान अभियान के अंतर्गत वार्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में नगर निगम बुरहानपुर द्वारा द्वितीय चरण में वार्ड में अभियान चलाकर नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए गए यह विशेष अभियान 12 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है जिसके माध्यम से पात्र हितग्राहियो को राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के अनुरूप लाभ और विभिन्न शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है अभियान का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र नागरिक योजना के लाभ से वंचित न रहे नगर निगम द्वारा आज शास्त्री वाड,गांधी वार्ड,खैराती बाजार,बैरी मैदान, नागझिरी वार्ड,मालवीय वार्ड, आलमगंज वार्ड सरदार पटेल वार्ड, इतवारा वार्ड सिंधीपुरा वार्ड में अभियान के द्वितीय चरण में शिविर आयोजित किए गए। इस दौरान निगम के अधिकारी और कर्मचारी वार्ड में भ्रमण करते हुए घर.घर पहुंचे और सीधे नागरिकों से आवेदन प्राप्त किया अभियान के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, सफाई से संबंधित मामलों में आवेदन पेंशन योजना, खाद्य के आवेदन, समग्र और जल समस्या से जुड़े कल 50 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें निराकरण के प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है नगर निगम का कहना है कि प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर नोडल अधिकारी अमित प्रकाश,निगम टीम में संजय सिंपी,चंद्रशेखर रवाये, राहुल रॉय, दीपक खंडेराव, आकांक्षा तिवारी, अनुज तारे,सेक्टर अधिकारी सुपर वाइजर आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### महात्मा ज्योतिबा फुले कृषि उपज मंडी में गुरूवार को प्राकृतिक खेती के उत्पादों का लगेगा बाजार

**बुरहानपुर।** उपसंचालक कृषि एम.एस.देवके ने जानकारी देते हुए बताया किए महात्मा ज्योतिबा फुले कृषि उपज मंडी शनवारा खण्डवा रोड बुरहानपुर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्राकृतिक हाट बाजार प्रत्येक गुरुवार को लगाया जा रहा है। प्राकृतिक हाट बाजार में सब्जियों में मेथी, पालक,बथुआ, खड़ा धनिया,मिर्ची,देशी धनिया, हल्दी पावडर, फलों में पपीता, केला, देशी बैर, शहद एवं गेहूँ तथा दालों में मूंगदाल, अरहर दाल, उड़द दालों को विक्रय किया जायेगा। यह सब प्राकृतिक उत्पाद कीटनाशकों एवं रासायनिक उर्वरकों के उपयोग के बिना उत्पादित किये गये हैए जो मानव स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। प्राकृतिक खेती में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग न करते हुए प्राकृतिक संसाधनों जैसे देशी गाय के गोबर,गौमूत्र,गुड, बेसन, पेड़ों की पत्तियों का उपयोग कर मिट्टी में सूक्ष्म जीवों की संख्या में वृद्धि कर मिट्टी को स्वस्थ रखा जाता है। नागरिकगण प्रति गुरुवार को महात्मा ज्योतिबा फुले कृषि उपज मंडी, शनवारा खण्डवा रोड में प्राकृतिक उत्पादों को क्रय करे।

## नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर भाजपा ने मिठाई खिलाकर मनाया जश्न

**भाजपा का बॉस बनना कार्यकर्ता का यह सम्मान है : जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने**




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नवीन के निर्विरोध निर्वाचित होने पर बुरहानपुर जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भारी संख्या में जनप्रतिनिधि,संगठन पदाधिकारी ,मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा ध्वज लहराते हुवे जमकर नारेबाजी कर जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजपा नेता,कार्यकर्ता जमकर थिरके, वहीं मिठाई खिलाकर खुशी प्रकट करते हुवे बधाइयां दी।

भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष डॉ.श्री मनोज माने के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय पर नेपानगर विधायक मंजू राजेंद्र दादू, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ,जनपद अध्यक्ष प्रदीप पाटील,पूर्व महापौर अतुल भाई पटेल सहित जनप्रतिनिधी,जिला एवं मंडल कार्यकारीणी तथा मोर्चा के पदाधिकारीगण, देवतुल्य कार्यकर्ता भारी संख्या में एकत्रीत हुए।

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.श्री मनोज माने ने इस अवसर पर कहा कि विश्व में भाजपा एक मात्र ऐसा दल है जो सबसे बढा दल होने के बावजुद लोकतांत्रीक तरीके से अपनी चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न करता है और पार्टी का छोटा सा कार्यकर्ता को जो सम्मान मिलता है ,उसका इससे बडा उदाहरण दुसरा क्या हो कि 45 वर्ष के युवा कार्यकर्ता बिहार राज्य के श्री नितिन नवीन जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से निर्वाचित होते है। हमे अपनी पार्टी पर गर्व है। राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर आदरणीय श्री नितिन नवीन जी को बधाईयां। उनके नेतृत्व में भाजपा और तेजी से मजबुती प्राप्त करेगी।

नेपानगर विधायक मंजु राजेन्द्र दादु ,महापौर माधपुरी अतुल पटेल , पूर्व महापौर अतुल भाई पटेल ने भी इस अवसर पर अपनी बात रखते हुवे कहा कि भारतीय जनता पार्टी परिवारवाद से कोसो दुर एक मजबुत संगठन है। जिसका एक कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनता है, यह बात हमसब को गौरवान्वीत करती है। राष्ट्रवाद की प्रहरी के रूप में भाजपा आज विशाल वटवृक्ष के समान विकसीत भारत के सपने को साकार करने में लगी हुई है। उसका एक-एक कार्यकर्ता राष्ट्र को समर्पीत भाव से प्राणपण से जुटा हुवा है। आपने नए बॉस को बधाई देते हुवे आने वाले समय में भाजपा को एतिहासीक सफलता प्राप्त होगी इस बात का विश्वास व्यक्त किया।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने ,नेपानगर विधायक मंजू राजेंद्र दादू, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ,जनपद अध्यक्ष प्रदीप पाटील, पूर्व महापौर अतुल भाई पटेल , महामंत्री चिंतामन महाजन ,ईश्वर चौहान , संजय जाधव ,कैलाश पारीक ,रवि गावडे, प्रशांत पाटील , विपुल कानुगो, महिला मोर्चा प्रभारी श्रीमती उमा कपुर, सावित्री बत्रा, श्रीमती रत्ना सिरतुरे, गजेन्द्र पाटील,समर्थ चिटनिस , सुनील बाघे, जिला पंचायत सदस्य किशोर पाटील, अनील वानखेडे , मंडल अध्यक्ष सर्वश्री रविन्द्र काकडे, अक्षय मोरे , अमोल भगत,चिंटू राठौर ,प्रदीप कसेरा प्रकाश लाड,गजेंद्र वर्मा , धनराज महाजन , गौरव शुक्ला,सरोदे, अंकित व्यास,गौरव शिवहरे,कृष्णा शाह ,रितेश दलाल,भारत भुजड़े, अशोक पाटील, नितेश चौहान, युवराज महाजन सहित भारी संख्या में जनप्रतिनिधी,जिला कार्यकारीणी पदाधिकारी,मंडल , महिला मोर्चा पदाधिकारी, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत प्रतिनिधी ,कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

## पेंशनर्स ने कहा- 6वें वेतनमान के 32 महीने के एरियर का भुगतान हो



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सेवानिवृत्त अधिकारी. कर्मचारी महासंघ ने बुधवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया। प्रदेश संगठन के आह्वान पर पेंशनर्स ने मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी नाराजगी जाहिर की। महासंघ ने साफकहा कि सरकार उनकी जायज मांगों को लगातार अनदेखा कर रही हैए जिससे बुजुर्ग पेंशनर्स को आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। महासंघ की सबसे प्रमुख मांग छठे वेतनमान के 32 महीने के एरियर का भुगतान है। जिलाध्यक्ष देविदास विश्वकर्मा ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश और कैबिनेट के फैसले के बावजूद अब तक यह राशि नहीं मिली हैए जो सीधे तौर पर आदेशों की अवहेलना है। इसके अलावा पेंशनर्स ने मध्य प्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 46;6 को हटाने की मांग की है।

**महंगाई भत्ता और आयु सीमा में छूट की मांगः-** पेंशनर्स ने केंद्र सरकार की तर्ज पर स्वीकृति की तारीख से ही महंगाई भत्ता और महंगाई राहत देने की मांग की है। साथ हीए वर्तमान में 80 वर्ष की उम्र के बाद मिलने वाली 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन की सुविधा को 65 वर्ष की आयु से ही लागू करने का आग्रह किया हैए ताकि अधिक से अधिक बुजुर्गों को इसका लाभ मिल सके। महासंघ ने यह भी मांग रखी है कि पेंशनर की मृत्यु होने पर परिवार को 50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि ;एक्सग्रेसियाद्ध दी जाए।

**सरकार को दी बड़े आंदोलन की चेतावनीः-** ज्ञापन दौरान पेंशनर्स के प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप इंगले सरकार को दो टूक चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया । तो आने वाले समय में प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। महासंघ के अनुसार,उ न्होंने अपनी 9 प्रदेशस्तरीय मांगों की सूची प्रशासन को सौंप दी है और अब वे आर.पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं।

ज्ञापनवाचन जिलाध्यक्ष देविदास विश्वकर्मा ने किया। इस अदौरान महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप इंगले, संजय चौधरी,निशा प्रसाद, शांताराम निंभोर, जयप्रकाश चौधरी, सुरेश पवार, सुनीता कनाडे, विनोद यादव, कैलाश राठौड़, उमेश रूपेरी आदि उपस्थित थे।

## शैक्षणिक भ्रमण हेतु महेश्वर रवाना

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** नगर के प्राचीन श्री गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण हेतु महेश्वर रवाना हुये। प्राचार्य गोपालसिह मुझालदा ने प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर वाहन रवाना किया। उन्लोने कहा कि छात्र छात्राओं को एक अवसर मिलेगा कि वे मां अहिल्यादेवी के शासन प्रशासन पद्धति को समझे एवं जन कल्याण कारी नीतियों को अहिल्यादेवी ने कैसे अपने तीन सौ किलो सोने को अपने देश के मंदिरों एवं पुरातात्विक धरोहरों को लोक कल्याण में लगाकर एक अच्छे प्रशासक के रूप में एक उदाहरण प्रस्तुत किया । महेश्वर किले की स्थापत्य इंजीनियरिंग कला को भी देखकर प्रेरणा ले। भ्रमण प्रभारी दिलीप चावरे ने छात्र छात्राओं को आवश्यक निर्देश दिए। इस भ्रमण में वरिष्ठ भल्लावी ,रावल सर ,श्रीमती माधवपुरकर मैडम,कुण्लांडगे मैडम समूह प्रभारी रहे । शिक्षक नरेन्द्र जाधव,राजेन्द्र पाटिल उपस्थित रहे । शाला संचालन समिति और समस्त स्टाफने भ्रमण हेतु शुभकामनाएं दी ।



## संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर

**शाहपुर।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान के मार्गदर्शन में नगर के पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का समय.सीमा में लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से शासन द्वारा श्संकल्प से समाधानश् अभियान दिनांक 12 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 प्रारंभ किया गया है। जिसमे विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना है ! इस अभियान का प्रथम चरण 12 जनवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 निकाय क्षेत्र में संचालित किया जाएगाए जिसके अंतर्गत भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। अभियान का प्रथम चरण आज दिनांक से 15 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। जबकि यह अभियान 31 मार्च 2026 तक निकाय क्षेत्रांतर्गत निरंतर जारी रहेगा।



दिनांक 21/01/2026 को यात्री प्रतीक्षालय बड़ा बाजार वार्ड क्रमांक 13 में अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर में नागरिकों से विभिन्न योजनाओं के आवेदन प्राप्त किए गए, जिनमे वृद्धावस्था पेंशन 03, कल्याणी पेंशन 02, दिव्यांग पेंशन 01, पी एम् स्वनिधि 05 आवेदन,नामांतरण 1 आवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र 02, जन्म प्रमाण पत्र 04, विवाह प्रमाण पत्र 01 एवं मातृत्व वंदना 01 इस प्रकार 20 आवेदन प्राप्त हुवे है। उक्त शिविर में अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल चौधरी,मण्डल अध्यक्ष आकाश राखोन्डे, सीओं दिलीप चौहान,महिला पर्यवेक्षक सुण्श्री शारदा भटकर,श्रीमती भारती महाजन, विक्की पाटिल एवं चेतन महाजन आंगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में शाला तुरकगुराड़ा के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज,** बुरहानपुर। फोपनार संकुल की शासकीय माध्यमिक शाला तुरकगुराड़ा के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला एवं संकुल का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में गणित मॉडल में कृष्णल पाटिल ;कक्षा 8वीं,कृष्णाली महाजन एवं अंशु महाजन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं एकल पर्यावरण गीत में प्राची तायड़े,कक्षा 7वीं तथा विचार संगोष्ठी में मोहित महाजन ;कक्षा 8वीं ने भी प्रथम स्थान अर्जित कर जिले में शाला को गौरवान्वित किया। जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयनित विद्यार्थी आगामी सप्ताह इंदौर संभाग स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला प्रतियोगिता में गणित मॉडल, एकल पर्यावरण गीत एवं विचार संगोष्ठी में सहभागिता करेंगे।इस उपलब्धि पर शाला में हर्षोल्लास का वातावरण रहा। शाला के प्रधानाध्यापक धनराज महाजन,शिक्षक संजय राठौड़,देवानंद वानखेड़े,सुभाष चौहान, विठ्ठल चौधरी एवं कैलाश राठौड़ महेंद्र महाजन ने चयनित विद्यार्थियों को फूलमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। प्रधानाध्यापक धनराज महाजन ने इस सफलता का श्रेय शाला के सहयोगी शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों के सतत परिश्रम को दिया।



## ईच्छापुर में कृषक ई टोकन प्रणाली से किसान का टोकन निकलने पर नगद खाद का वितरण



**नवभारत न्यूज, इच्छापूर।** शासन द्वारा किसानों के लिए चलाये जा रहें अभीयान के तहत बृहत्ताकार सहकारी समिती मर्या. ईच्छापूर में कृषक ई टोकन प्रणाली योजना के अंतर्गत कृषक प्रमोद बाबुराव पटील भोटा का टोकन निकलने पर नगद खाद का वितरण किया गया। गौरतलब है कि यह सोसायटी में पहली बार हो रहा है। इस मौके पर प्रभारी प्रबंधक नारायण गांवंडे,मनोहर चौधरी ,दिपक उघलकर,नामदेव महाजन,महेंद्र महाजन आदी किसान मौजूदथे।

## सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत विद्यार्थियों को किया जागरूक

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में दिनांक 21/01/2026 को जिले में संचालित सड़क सुरक्षा माह अभियान एवं एकीकृत जागरूकता अभियान के तहत डीएसपी. महिला शाखा प्रभारी प्रीतम सिंह ठाकुर द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय बहादुरपुर एवं थाना प्रभारी शिकारपुरा विक्रम चौहान के द्वारा श्री गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैं आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र.छात्राओं को बालकों के विरूध्द होने वाले अपराधों की जानकारीए पॉक्सो एक्ट व अन्य कानूनी प्रावधानों के संबंध में जानकारीए गुड टच.बैड टच की जानकारी एवं यातायात संबंधी नियम एवं शासन की राहगीर योजना व कैशलेस योजनाए पीड़ित प्रतिकर योजना ए साइबर जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में छात्र.छात्राओं को निम्न विषयों पर विस्तार से समझाइश दी गई। बताया गया कि सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक सिग्नल का महत्व,हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग,नशे की हालत में वाहन न चलाने के खतरे,नाबालिगों को वाहन न देने की जिम्मेदारी,राहवीर योजना, हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना और कैशलेस ट्रीटमेंट, योजना की जानकारी दी गई। बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों एपॉक्सो एक्ट व अन्य कानूनी प्रावधानोंए गुड टच.बैड टचए साइबर जागरूकता की जानकारी दी गई।


**In The Court of II Civil Judge Class-II, District Court, Hard**

**Presiding Officer: संजीव राहंगडाले**

**आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत**

**(MJC/0000092/2023)**

गुरु सिंह सभा पंजीयन लोक न्यास ...वादी

Vs

कृष्णा कुमार ..प्रतिवादी

P.No. 181/2026

Process id-/2026

पेशी दिनांक : 19/2/2026

**प्रेषिती,**

**1. माया बाई पुत्री हरस्वरूप पत्नी श्यामलाल, पता- नेपा नगर, तहसील व जिला बुरहानपुर म.प्र. 2. आशा बाई पुत्री हरस्वरूप पत्नी गणेश पता- निवासी- इटारसी, जिला नर्मदापुरम म.प्र.**

यह कि प्रार्थी गुरु सिंह सभा पंजीयन लोक न्यास ने आपके विरुद्ध एमजेसी प्रकरण के लिए वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/ हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं, पेश करें, जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें. आपको सूचित किया जाता है यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति किया जावेगा, साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें.

**यह आज तारीख 15 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है.**

**(संजीव राहंगडाले)**

सील

**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड हरदा म.प्र.**

**कृपया ध्यान दें:-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा.


## दो दिवसीय धर्मनाथ बीज यात्रा महोत्सव संपन्न....

### सतत 59 वर्षो से यह यात्रा महोत्सव बहुत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है



**बुरहानपुर।** जिले के ग्राम चापोरा में श्री गोरखनाथ नवनाथ मंदिर परिसर में श्री धर्मनाथ बिज यात्रा महोत्सव चापोरा में आस्था के साथ इस वर्ष में संप्रदाय के महंत योगी भुतनाथजी महाराज एवं नाथ अनुयायीयो द्वारा सतत 59 वर्षो से यह यात्रा महोत्सव बहुत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है।

श्री धर्मनाथ बीज का मुख्य उत्सव के पहले दिन काठी माता का पुजन कर ग्राम में भव्य नवनाथ पालखी शोभायात्रा निकाली गयी जिसमे कलश यात्राए घोडेए भव्य दिंडीए मुख्य आकर्षण माँ महाकाली भोपाल की प्रस्तुती रही । इस शोभायात्रा में हजारो लोगो ने सहभागिता देकर दुसरे दिन मंगलवार को सुबह 6 बजे माँ त्रिपुरसुंदरी षोडशी माता का विशेष हवन किया गया। श्रद्धालुओ ने नाथ सवारी दर्शन दिनभर किया ?। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों और विशेषकर महिलाओं ने भाग लिया। यह आयोजन श्री श्री 1108 श्री ? चैतन्य नवनाथ ट्रस्ट चापोराए भक्तगण एवं चापोरा ग्रामवासियो द्वारा किया गया । मध्यप्रदेशए गुजरात एवम् महाराष्ट्र के हजारो श्रद्धालुओं ने नाथसवारी का दर्शन लिया । श्री नवनाथ मंदिर चापोरा के ट्रस्टी दिपकनाथ जी ने धर्मनाथ बीज का महत्व बताते हुए जानकारी दी ।

हिंदू धर्म के अनुसारए माघ महीने की शुक्ल पक्ष की द्वितीया को श्धर्मनाथ बीजश् के रूप में मनाया जाता है माना जाता है कि इसी दिन गुरु गोरखनाथ जी ने राजा त्रिविक्रम के पुत्र धर्मनाथ को दीक्षा देकर नाथ संप्रदाय में शामिल किया था। कहा जाता है की जो भी भक्त इस दिन व्रत रखकर नाथ जी की पुजा अर्चना करता हैए उसके घर परिवार में सुख समृद्धी निर्माण होकर उस श्रद्धालु का परिवार को रोग ए दरिद्रता और भविष्य में आनेवाला संकट हमेशा के लिए दुर होता है । साथ में उस घर में भक्तिमय वातावरण निर्माण होता है ।



## डाभियाखेड़ा में शिविर

**नेपानगर।** मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत बुधवार को ग्राम डाभियाखेड़ा में षिविर आयोजित किया गया जिसमें नो मैपिंग वाले मतदाताओं के फार्म जमा किए गए। नायब तहसीलदार कविता सोलंकी यहां जांच के लिए पहुंची। उन्होंने बताया जिन लोगों के नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं है उनकी ओर से फार्म जमा नहीं कराए गए थे ऐसे मतदाता नो मैपिंग की श्रेणी में आ गए थे। उन्हें नोटिस जारी किए गए थे। बुधवार को षिविर लगाकर 100 फार्म जमा करवाए गए। जो मतदाता षेष हैं उनके फार्म अब खकनार में जमा होंगे।